**भारत की राष्ट्रपति**
**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
**का**
**Ladakh Foundation Day Function में संबोधन**

**लेह, 31 अक्तूबर, 2023**

आप सब को Ladakh Foundation Day की मैं बहुत-बहुत बधाई देती हूं। आज के दिन यानी 31 अक्तूबर को वर्ष 2019 में पारित किए गए अधिनियम के द्वारा लद्दाख की एक Union Territory के रूप में अलग पहचान बनी। मुझे इस बात की बहुत प्रसन्नता है कि राष्ट्रपति के रूप में लद्दाख की मेरी पहली यात्रा Ladakh Foundation Day के दिन शुरू हो रही है।

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि लद्दाख Union Territory में तेजी से multi-dimensional development हो रहा है। प्रगति के रास्ते पर आगे बढ़ते रहने के लिए मैं लद्दाख के सभी निवासियों की तारीफ करती हूं और उप-राज्यपाल, ब्रिगेडियर डॉक्टर बी. डी. मिश्र जी और उनकी पूरी टीम की सराहना करती हूं।

सभी देशवासी लद्दाख को भारत का मस्तक मानते हैं। मैं सभी देशवासियों की ओर से लद्दाख के भाई-बहनों को आश्वस्त करती हूं कि आप सब की आन-बान-शान को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए पूरा देश प्रतिबद्ध है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि लद्दाख का समग्र विकास होता रहेगा और भारत का मस्तक सदैव ऊंचा रहेगा।

आज लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती है। भारत को एकता के सूत्र में पिरोने वाले सरदार पटेल को सभी देशवासी कृतज्ञता के साथ याद करते हैं। लद्दाख के लोगों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने में

असाधारण योगदान दिया है। मैं लद्दाख की वीर-भूमि से सरदार पटेल की स्मृति को सादर नमन करती हूं।

देवियो और सज्जनो,

लद्दाख की यह धरती, भारत-माता के वीर सपूतों की भूमि है। आज यहां वीर-नारी बहनों से मिलना मेरे लिए गर्व का अवसर भी है और भावुकता का भी।

मैं भारत-माता पर सर्वोच्च बलिदान करने वाले लद्दाख के शूर-वीरों और यहां की वीर-नारियों को नमन करती हूं। लद्दाख की रिगज़िन छोरोल जी भारतीय सेना में Commissioned Officer बनने वाली पहली वीर-नारी हैं। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अपने पति स्वर्गीय रिगज़िन खंडप जी का गौरव और अधिक बढ़ाया है तथा महिलाओं के सम्मुख एक अद्भुत आदर्श प्रस्तुत किया है।

देवियो और सज्जनो,

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि लेह और कारगिल की Autonomous Hill Development Councils ने grassroots democracy को निरंतर मजबूत बनाया है तथा लद्दाख के विकास के लिए, विशेषकर युवाओं के रोजगार के लिए सार्थक कदम उठाए हैं। जन-भागीदारी के साथ विकास के प्रयासों के लिए मैं पंचायती राज संस्थानों तथा Municipal Committees की भी सराहना करती हूं।

युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा ही सबसे अच्छा माध्यम होती है। वर्ष 2019 में University of Ladakh की स्थापना से यहां के युवाओं को उच्च शिक्षा का अवसर यहीं पर उपलब्ध हो पाया। यह और भी अधिक प्रसन्नता की बात है कि हाल ही में Sindhu Central University में शिक्षा की गतिविधियों में तेजी आई है। मुझे विश्वास है कि देश के प्रमुख IITs के मार्गदर्शन में विकसित की जा रही यह Central University,

लद्दाख के युवाओं सहित पूरे देश के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान के रूप में अपनी अलग पहचान बनाएगी।

मुझे बताया गया है कि यहां की स्थानीय भाषा में 'रेवा' शब्द का अर्थ होता है आशा तथा अपेक्षा। लद्दाख प्रशासन द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आर्थिक सहायता तथा coaching की सुविधा हेतु 'रेवा' नामक scheme युवाओं की आशाओं को यथार्थ रूप प्रदान करेगी।

भारत द्वारा G20 की अध्यक्षता के दौरान युवा प्रतिभाओं के विकास को केंद्र में रखकर लद्दाख में Youth-20 Pre-Summit का आयोजन किया गया। इस आयोजन द्वारा, केंद्र सरकार ने विश्व-स्तर के विकास से लद्दाख को जोड़ने की एक और पहल की है।

देवियो और सज्जनो,

पिछले चार वर्षों के दौरान लद्दाख के लिए केंद्र सरकार द्वारा बजट के प्रावधानों में पांच गुना बढ़ोतरी की गई है। यह लद्दाख के विकास के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को बचाते हुए और यहां के लोगों की अलग पहचान को बनाए रखते हुए लद्दाख को विकास के मार्ग पर आगे ले जाना है। लद्दाख की connectivity को बढ़ाने के लिए infrastructure के विकास पर बहुत ज़ोर दिया जा रहा है। अनेक नई policies लागू की गई हैं। इन सबके परिणामस्वरूप लद्दाख की आर्थिक प्रगति, विशेषकर पर्यटन के विकास को गति मिल रही है। लेकिन, साथ ही, लद्दाख को स्वच्छ रखना भी हम सब की प्राथमिकता है। Sustainable Tourism और Responsible Tourism पर ज़ोर दिया जा रहा है।

लद्दाख को Carbon Neutral Region के रूप में विकसित करने के लक्ष्य के अनुरूप अनेक कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार के उपक्रमों ने Green Energy के विकास हेतु काम शुरू कर दिया है। मुझे बताया गया है कि

NTPC द्वारा लेह में विश्व का पहला High Altitude Green Hydrogen Fuelling Station स्थापित किया जा रहा है। हाल ही में, केंद्र सरकार द्वारा लद्दाख में Green Energy Corridor Project को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस project के तहत 13000 मेगावाट की क्षमता के Renewable Energy Projects को POWER GRID द्वारा Inter-State Transmission System के जरिए जोड़ा जाएगा। Electric Mobility को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन का प्रावधान भी किया गया है।

स्थानीय संसाधनों और कौशल का उपयोग करते हुए, विशेषकर हस्तकौशल और हथकरघा को बढ़ावा देने तथा उद्यमशीलता पर बल देने के लिए 'Sustainable Industrial Policy 2022 to 2027' के तहत अनेक कदम उठाए जाने की व्यवस्था की गई है। मैं आशा करती हूं कि इन प्रयासों से लद्दाख के लोगों में, विशेषकर युवा पीढ़ी में आर्थिक आत्मनिर्भरता विकसित होगी। दिल्ली में Brand Ladakh Emporium खोला गया है। उस Emporium के जरिए लद्दाख के कारीगरों और उद्यमियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान और व्यापार को बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम उपलब्ध हो गया है।

मैं एक बार फिर लद्दाख के सभी निवासियों को Foundation Day की बधाई देती हूं। मैं यह कामना करती हूं कि वर्ष 2047 के विकसित भारत के निर्माण की यात्रा में लद्दाख Economic, Environmental और Human Development के पैमानों पर देश में अग्रणी स्थान पर रहे। लद्दाख के सभी निवासियों के स्वर्णिम भविष्य की शुभकामना के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देती हूं।

धन्यवाद!

जय हिन्द!

जय भारत!